## नई शिक्षा नीति में व्यवसायिकता का समावेश रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करता है -

**डॉ. राजीव पाठक**

बकेवर,13 अक्टूबर । पूर्व छात्र समिति जनता कॉलेज बकेवर के तत्वाधान में कॉलेज में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद भोपाल से पधारे पूर्व छात्र डॉ राजीव कुमार पाठक प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष पी. एस .एस. व्यावसायिक शिक्षा केंद्रीय संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल ( मध्य प्रदेश) ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक शिक्षा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान दौर में हमारी शिक्षा प्रणाली व्यवसायिक नहीं हैं क्योंकि जब शिक्षा प्राप्त कर छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है तो उसके लिए अलग से परीक्षा देनी होती है ,डॉक्टर बनना है तो भी अलग परीक्षा देनी होगी फिर जो शिक्षा प्राप्त की है, उसकी प्रासंगिकता ही नहीं रहती है ।

उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि सभी छात्र जो शिक्षा प्राप्त करें वह व्यवसायिक भी हो और इसके क्रियान्वयन में छात्रों को विषयवस्तु को समझने के साथ साथ उसके मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) की उपयोगिता का भी मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता होगी ।

उन्होंने बताया कि बच्चों में महत्वाकांक्षा का भाव जाग्रत करने से ही उनको अपने भविष्य में सफल होने में सहायता मिलेगी तथा सभी शिक्षको एवं छात्रों को प्रतिदिन स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए और उससे प्राप्त ज्ञान का प्रयोग अपने स्वविकास में आत्मसात करना चाहिए । कॉलेज के जंतु विज्ञान के प्रभारी डॉ ललित गुप्ता ने डॉ. पाठक तथा अतिथि डॉ अशोक तिवारी जयपुर का कॉमर्स संकाय के डा.गोपीनाथ मौर्य ने बैज अलंकरण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया ।

कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में प्रोफ़ेसर पाठक जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ राजीव कुमार पाठक जनता कॉलेज बकेवर के ऐसे पूर्व छात्र हैं जिन्होंने जनता कॉलेज बकेवर के यश को अपने व्यक्तित्व और कृतित्व द्वारा देश भर में फैलाया है|

पूर्व छात्र समिति के सचिव कुलदीप अवस्थी ने छात्रों को नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन तथा व्यवसायिक शिक्षा विषय पर दिए गए व्याख्यान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इस तरह से भविष्य में भी मार्गदर्शन देने का निवेदन किया ,जिसकी डॉ पाठक ने सहर्ष स्वीकृत प्रदान की|

इस व्याख्यान के अवसर पर कॉलेज के कृषि ,वाणिज्य और विज्ञान संकाय के लगभग डेढ़ सौ छात्र उपस्थित रहे , जिनकी शैक्षिक जिज्ञासाओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया , व्याख्यान में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार पांडेय , डॉ नलिनी शुक्ला ,डॉ डी.एन. सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत ,

डा. एमपी सिंह , डॉ. प्रकाश दुबे ,डॉ. ज्योति भदोरिया, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ गोपीनाथ मौर्य ,सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ दिव्य ज्योति मिश्र , डॉ इंदु वाला मिश्रा , अजय शर्मा , अश्वनी मिश्र, पवन कुमार सक्सेना, सुबोध शुक्ला, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, ऋषि राज आदि प्राध्यापक आदि के साथ एवं कॉलेज परिवार की उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नवीन अवस्थी द्वारा किया गया|



# नई शिक्षा नीति में व्यवसायिकता का समावेश रोजगार की गारंटी करता है सुनिश्चितः डॉ. राजीव पाठक

**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** पूर्व छात्र समिति जनता कॉलेज बकेवर के तत्वाधान में कॉलेज में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद भोपाल से पधारे पूर्व छात्र डॉ राजीव कुमार पाठक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पी. एस .एस. व्यावसायिक शिक्षा केंद्रीय संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल ( मध्य प्रदेश) ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक शिक्षा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान दौर में हमारी शिक्षा प्रणाली व्यवसायिक नहीं हैं क्योंकि जब शिक्षा प्राप्त कर छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है तो उसके लिए अलग से परीक्षा देनी होती है ,डॉक्टर बनना है तो भी अलग परीक्षा देनी होगी फिर जो शिक्षा प्राप्त की है, उस–ाकी प्रासंगिकता ही नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि सभी छात्र जो शिक्षा प्राप्त करें वह व्यवसायिक भी हो और इसके क्रियान्वयन में छात्रों को विषयवस्तु को समझने के साथ साथ उसके मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) की




उपयोगिता का भी मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि बच्चों में महत्वाकांक्षा का भाव जाग्रत करने से ही उनको अपने भविष्य में सफल होने में सहायता मिलेगी तथा सभी शिक्षको एवं छात्रों को प्रतिदिन स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए और उससे प्राप्त ज्ञान का प्रयोग अपने स्वविकास में आत्मसात करना चाहिऐ कॉलेज के जंतु विज्ञान के प्रभारी डॉ ललित गुप्ता ने डॉ. पाठक तथा अतिथि डॉ अशोक तिवारी जयपुर का कॉमर्स संकाय के डा.गोपीनाथ मौर्य ने बैज अलंकरण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। व्याख्यान में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार पांडेय, डॉ नलिनी शुक्ला ,डॉ डी.एन. सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत , डा. एमपी सिंह , डॉ. प्रकाश दुबे ,डॉ. ज्योति भदोरिया, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ गोपीनाथ मौर्य ,सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ दिव्य ज्योति मिश्र, डॉ इंदु वाला मिश्रा, अजय शर्मा , अश्वनी मिश्र, पवन कुमार सक्सेना, सुबोध शुक्ला, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, ऋषि राज आदि प्राध्यापक आदि के साथ एवं कॉलेज परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नवीन अवस्थी द्वारा किया गया।



## 'व्यावसायिक शिक्षा सुनिश्चित करती रोजगार की गारंटी'

**संवाद सूत्र, बकेवर :** पूर्व छात्र समिति जनता कालेज के तत्वावधान में कालेज में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद भोपाल से आए पूर्व छात्र डा. राजीव कुमार पाठक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष पीएसएस व्यावसायिक शिक्षा केंद्रीय संस्थान श्यामला हिल्स भोपाल (मप्र ) ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा व्यावसायिक शिक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। बताया कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि सभी छात्र जो शिक्षा प्राप्त करें वह व्यावसायिक भी हो और इसके क्रियान्वयन में छात्रों को विषयवस्तु को समझने के साथ-साथ उसके मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) की उपयोगिता का भी मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में हमारी शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक नहीं हैं क्योंकि जब शिक्षा प्राप्त कर छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है तो उसके लिए अलग से परीक्षा देनी होती है, डाक्टर बनना है तो भी अलग परीक्षा देनी होगी फिर जो शिक्षा प्राप्त की है, उसकी प्रासंगिकता ही नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि बच्चों में महत्वाकांक्षा का भाव जाग्रत करने से ही उनको अपने भविष्य में सफल होने में सहायता मिलेगी। कालेज के जंतु विज्ञान के प्रभारी डा. ललित गुप्ता ने डा. पाठक तथा डा. अशोक तिवारी जयपुर का कामर्स संकाय के डा. गोपीनाथ मौर्य ने बैज अलंकरण एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, पूर्व छात्र समिति के सचिव कुलदीप अवस्थी, प्राध्यापक डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. नलिनी शुक्ला, डा. डीएन सिंह, डा. प्रमोद कुमार राजपूत, डा. एमपी सिंह, डा. प्रकाश दूबे मौजूद रहे।